NCRES

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

R. P. Singh
Gen. Secretary
&
Joint Gen. Secretary-NFIR

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 167/NCRES/71/23

Date : 24.8.2023

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में RBE 155/2022 दिनांक 17.11.2022 का कई कैडरों में क्रियान्वयन न हो पाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र संख्या RBE 155/2022 दिनांक 17.11.2022 का नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलो के कई कैडरो में पत्र जारी होने के 09 माह बाद भी क्रियान्वयन नही हो पाया है।

आगरा मण्डल के मण्डल सचिव ने अवगत कराया गया है कि परिचालन विभाग में मैचिंग सेविंग हेतु मनी वैल्यू सरेंडर करने के लिये सेफ्टी कैटेगिरी में लेवल–1 (GP-1800) के प्वाइंट्समैन का पद ही उपलब्ध है, जो रेल संरक्षा कारणो से सरेण्डर किया जाना उचित नही है।

NCRES को यह भी अवगत कराना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में लगभग समस्त कैडर में RBE 155/2022 के तहत GP-4800 में अपग्रेड किये जाने वाले अधिकतर कर्मचारी पहले से ही MACP के तहत GP-4800 प्राप्त कर चुके है। ऐसे में NCRES का मांग है कि केवल उन्हीं कर्मचारियों हेतु मैचिंग सेविंग के तहत मनी वैल्यू सरेन्डर किये जाय जो MACP के तहत GP-4800 अभी तक प्राप्त नही किये है।

NCRES को यह भी ज्ञात हुआ है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में मैचिंग सेविंग के तहत मनी वैल्यू सरेन्डर न होने के कारण कई कैटेगिरी में अपग्रेडेशन नही किया जा सका और उन्हें RBE 155/2022 के नियमो के तहत रेलवे बोर्ड भी नही भेजा गया।

अतः NCRES का अनुरोध है कि जो कर्मचारी MACP के तहत GP-4800 प्राप्त कर चुके है उन्हें RBE 155/2022 के तहत GP-4800 में अपग्रेड कर दिया जाय और जिन–जिन कैटेगिरी में मैचिंग सेविंग के तहत मनी वैल्यू सरेन्डर न हो पाने के कारण GP-4800 में अपग्रेड नही किया जा सका है, ऐसे केसो को RBE 155/2022 के तहत रेलवे बोर्ड भेजने के लिये उचित आदेश जारी किया जाय और की गई कार्यवाही से NCRES को अवगत कराया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज